सादर प्रकाशनार्थ,

नशामुक्ति एवं पर्यावरण जन–जागृति अभियान प्रगति पथ पर.....

कोरबाः 2.06.2017–प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वाधान में नशामुक्ति एवं पर्यावरण जन–जागृति सप्ताह में लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड कोरबा में आयोजित परिचर्चा में भ्राता संजय जैन कार्यपालक निर्देशक ने कहा कि लोग नशा करते हैं, अपने मन का कंट्रौल बाडी से हटाने के लिये। लेकिन आज विज्ञान का प्रयास रहता है कि मन का नियंत्रण शरीर पर स्थापित रहे। दोनों एक दो के विरोधी तथ्य हैं। मानव की यह विशेषता है कि उसके पास एक उन्नत दिमाग है। जो कि न सिर्फ अपने वातावरण को समझ सकता है, लेकिन अपने एक्सन और रिएक्सन को भी कंट्रोल कर सकता है। जब हम अपनी इच्छाओं पर, अपने शरीर पर, अपनी इन्द्रीयों पर कंट्रोल करेंगें तो नशा कभी आपको परेशान नहीं करेगा। डॉ.के.सी.देबनाथ ने कहा तम्बाकू सभी प्राडक्ट नुक्सानकारक हैं, इसके लगभग 4000 हानिकारक केमिकल होते हैं जिसमें 60 केमिकल कैन्सर का कारण बनते हैं। निकोटिन का प्रभाव नम्बर एक पर है, जिसका प्रभाव तत्कालिक होता है। डॉ. बी.पी. सिन्हा आयुर्वेदिक चिकित्सक ने कहा कि जानवर एक बार पेट भरने पर कुछ खाने को मना कर देता है, लेकिन मानव इस बात का ध्यान नहीं रखता और यही उसके बीमार होने का कारण बनता है। मानव प्रकृति शाकाहारी है, इसलिये शाकाहारी भोजन को ही अपना आहार बनाना चाहिए। ब्रहमाकुमारी उषा बहन इंचार्ज लालीमाटी उरगा सेवाकेन्द्र ने भगवान शब्द के अनेक रहस्य बतलाते हुए कहा कि भगवान तो ऐसी राजयोग की शिक्षा देते हैं जिससे नर से नारायण बन जाता है। यदि इंसानएक बार नारायणी नशा कर लें तो सभी नशे से मुक्ति स्वतः ही मिल जायेगी।

भारत भवन तिलकेजा में आयोजित नशामुक्ति स्वास्थ शिविर में मिथलेश माण्डले, ए.एम.ओ तिलकेजा ने कहा कि इस तरह से सामुहिक प्रयास से आयोजित कार्यकम निश्चित ही समाज को लाभप्रद होगा। भ्राता महावीर आचार्य ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा भ्राता कुलसिंह कंवर सरपंच तिलकेजा ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि नशा समाज की एक ज्वलंत समस्या है, जिसे सभी को मिल कर प्रयास करना चाहिए। 100 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा ग्रम वासियों को पौधों का वितरण किया गया। भ्राता एम.एल.हलवाई वन मण्डल निगम कोरबा ने जन–जागृति अभियान में निःशुल्क पाधे प्रदान करने में सहयोग प्रदान किया।

मानवता की सेवा में, ब्रह्माकुमारी रूकमणी।